ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
**प्रो. श्यामा रथ**
सचिव
**Prof. Shyama Rath**
Secretary

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग**
**University Grants Commission**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

---

**एफ. सं.: 1/1-2024 (एक पेड़ माँ के नाम)** **8 ज्येष्ठ, 1948 /29 मई, 2026**

**विषयः 2026-27 के दौरान एक पेड़ माँ के नाम (EPMKN) अभियान में भागीदारी के विषय में।**

**आदरणीय महोदया /महोदय,**

जैसा कि आपको विदित है कि विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून, 2024 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान शुरू किया गया था। एक बार पुनः इस पहल के महत्व को दुहराते हुए माताओं को श्रद्धांजलि के रूप में पेड़ लगाने और देश भर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

इस प्रमुख अभियान के तहत, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने शिक्षा मंत्रालय को 67.90 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा है। इस संबंध में, उच्च शिक्षण संस्थानों (एच.ई.आई) से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान आयोजित करके इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों, एनएसएस/एनसीसी इकाइयों, इको-क्लब और अन्य हितधारकों को शामिल किया जाए।

निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष बल देते हुए, सभी उच्चतर शिक्षा के संस्थानों को मिशन मोड में वृक्षारोपण गतिविधियों को शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:-

i. स्वदेशी और जलवायु-लचीली प्रजातियों का पौधारोपण;
ii. रोपे गए पौधों की उत्तरजीविता और रखरखाव सुनिश्चित करना;
iii. समय-समय पर समीक्षा सहित उपयुक्त निगरानी तंत्र को अपनाना;
iv. जहां भी संभव हो डिजिटल उपकरणों/जियोटैगिंग का उपयोग; और
v. पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना।

विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थान उनसे संबद्ध महाविद्यालयों /संस्थानों को भी इस अभियान के तहत, वृक्षारोपण लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सक्रिय योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करें ।

संस्थानों द्वारा की गई वृक्षारोपण गतिविधियों को संस्थागत वेबसाइटों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए।

आपसे अनुरोध है कि आप "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के सफल कार्यान्वयन में अपनी संस्था की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और https://forms.gle/ndQUGHRZi1CEpT4C7 पर अपनी रिपोर्ट 15 जून, 2026 तक प्रस्तुत करें।

**सादर,**

**भवदीया,**

श्यामा रथ

**(श्यामा रथ)**

**सेवा में,**

1. सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति
2. सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य
3. राज्य उच्च शिक्षा परिषद
4. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिव (उच्च शिक्षा)

---

बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 | Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
दूरभाष (Ph.): 011-23236288/23239337 | सम्पर्क सूत्र (ई-मेल) (E-mail) : secy.ugc@nic.in